मुलाकात

**जीएम तरुण प्रकाश का नैनपुर दौरा : मंत्री संपतिया उइके और जन प्रतिनिधियों ने उठाई रेल सुविधाओं की मांग**

# नैनपुर में ही बनेगी पिट लाइन, सैद्धांतिक रूप से मिली स्वीकृति





**नैनपुर, नवभारत।** रेलवे बिलासपुर जोन के जी एम के समय के अनुसार लगभग 2 घंटे विलंब से नैनपुर पहुंचे पर जितनी सहज और सरलता से उन्होंने नैनपुर के जन प्रतिनिधि पत्रकार साथियों समाजसेवियों से मिलकर उनकी बातों को सुना उस से लगा कि वास्तव में बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश नैनपुर के मामले में संजीदगी से बातें करते हैं एवं वे चाहते हैं कि नैनपुर जँक्शन का विकास हो।

इस मौके पर मोहन सरकार की कैबिनेट मंत्री संपत्तियां उईके भी महाप्रबंधक बिलासपुर जोन से मिलने नैनपुर जंक्शन स्टेशन पहुंची सर्वप्रथम आपने अपनी बात रखते हुए महाप्रबंधक से कहा की रेलवे विकास के मामले में मंडला जिला अभी अछूत जैसा है और रेल सुविधा मंडला जिले को पर्याप्त नहीं मिल पा रही है आपने नैनपुर जंक्शन में समुचित रेल विकास की बात रखी और कहा कि यहां से लंबी दूरी की गाड़ी चलती है इसलिए बेहतर रखरखाव नैनपुर से संभव हो सकेगा।इस मौके पर उन्होंने मंडला फोर्ट स्टेशन में रेल सुविधाओं की बात कही नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद अध्यक्ष विमलेश सोनी अखिलेश शुक्ला आशीष वैष्णव चरणजीत सिंह सुधीर बन्देवार सदस्यों के साथ महा प्रबंधक बिलासपुर जोन से मिले समिति ने बताया कि नैनपुर रेलवे के पास लगभग 800 एकड़ रेलवे की जमीन है जो कि रिक्त पड़ी हुई है इसमें रेलवे अपना विस्तार एवं जनता को सुविधा देने के लिए इसका प्रयोग कर सकती है।

### अतिरिक्त पड़ी जमीन पर पिट लाईन का रखा सुझाव

अखिलेश शुक्ला ने अपनी बात रखते हुए कहा की नैनपुर जंक्शन है जिसके चारों ओर रेल लाइन का आवागमन है अत: ज़रूरी है कि नैनपुर में अतिरिक्त पड़ी रेलवे की जमीन पर स्टेशन से लगी हुई पिट लाइन बनाई जाए जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों का बेहतर रख रखाव हो सकेगा।

### फ्लाईओवर बनाने की रखी मांग

परिषद के अध्यक्ष विमलेश सोनी ने महाप्रबंधक से कहा रेलवे क्रॉसिंग में फ्लाईओवर नहीं होने कारण बहुत परेशानी होती है और आने जाने में असुविधा सड़क यात्रियों को हुआ करती अत: बेहतर है जल्द फ्लाईओवर बनाया जाए, आपने कहा की नैनपुर रेलवे स्टेशन मैं प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाई जाए जिसे बेहतर संचालन हो सके साथ ही दूसरी ओर ही रेल स्टेशन का प्रवेश द्वार बनाया जाना अति आवश्यक है, आशीष वैष्णव ने मांग की की नैनपुर से मंडला 5 फेरा डेमू ट्रेन चलाई जाए जिससे कि मंडला क्षेत्र की यात्रियों को नैनपुर जंक्शन से हर ट्रेन की कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सके, वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी बालकिशन खंडेलवाल ने भी नैनपुर से संबंधित विकास की मांग रखी वहीं डीआरयूसीसी मेंबर भाई शंकर सायरानी ने नैनपुर स्टेशन पर बेहतर सुविधाओं के लिए महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट किया अपने स्टेशन में एक्सीलरेटर एवं लिफ्ट अति शीघ्र बनाए जाने की बात कही।

प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में नैनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने अपनी बातों को रखते हुए महाप्रबंधक से कहा की प्रेस हरदम रेलवे विकास एवं रेलवे के लिए सकारात्मक सोच रखता है नैनपुर जंक्शन पॉइंट है और यहां लगभग हर दिशा से ट्रेन आती है लंबी दूरी की ट्रेन भी चल रही है अत: ज़रूरी है कि रेलवे जंक्शन में पिट लाइन कोचिंग वॉशिंग डिपो सहित ऐसी सुविधा उपलब्ध हों कि किसी भी लंबी दूरी की ट्रेन को यहां पर सुधार करा कर आगे की ओर बढ़ाया जा सके।

### दोहरीकरण कार्य के भी रखे गए सुझाव

पत्रकारों ने अपने प्रश्न में महा प्रबंधक तरुण प्रकाश से कहा कि जल्द ही स्वीकृत दोहरीकरण का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए जिस पर महाप्रबंधक ने जवाब देते हुए कहा की एक छोर ही नहीं दोनों छोर से कार्य प्रारंभ किया जावेगा जिससे जल्द से जल्द दोहरी लाइन उपलब्ध हो सके, पत्रकार साथियों ने भी मंडला के लिए पांच फेर डेमो ट्रेन की मांग की जिससे कि मंडला क्षेत्र की जनता को नैनपुर में निकलने वाली ट्रेनों से आवागमन के रास्ते सुलभ हो सके इसके बाद महाप्रबंधक ने स्टेशन की निरीक्षण कियादक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश जी ने नैनपुर में ट्रैक मेंटेनेंस से जुड़े यांत्रिक उपकरणों एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान संरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# व्यंजन प्रदर्शनी के जरिए दिया पौष्टिक आहार का संदेश

**नारायणगंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह सेक्टर नारायणगंज क्रमांक एक परियोजना नारायणगंज में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय और पौष्टिक आहार के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।

समापन अवसर पर एक विशेष व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अन्न मोटे अनाज को प्राथमिकता दी गई। प्रदर्शनी में रागी की रोटी, ज्वार की खिचड़ी, कोदो-कुटकी की खीर के साथ टीएचआर से निर्मित लड्डू, बर्फी और हलवा प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा स्थानीय व्यंजनों, मौसमी फलों और हरी सब्जियों के माध्यम से संतुलित आहार की जानकारी दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और महिलाओं ने व्यंजनों का स्वाद चखा और



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता

पोषण के साथ कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार पर भी जोर दिया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई और ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की गई।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर दें विशेष ध्यान

कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके दैनिक आहार में मोटे अनाज और स्थानीय पौष्टिक चीजों को शामिल करना अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और शासन की पोषण योजनाओं का लाभ उठाएं।





# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**घुघरी के ग्राम ढेंको में लगा पशु चिकित्सा शिविर**

**घुघरी।** शनिवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मंडला द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस के पर विकास खंड घुघरी के क्षीर धारा ग्राम ढेंको में एक विशाल बांझपन निवारण शिविर एवं संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम उपसंचालक डॉ. युएस तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य पशुपालकों को जागरूक करना और पशुधन की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण करना था।

शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बड़ी संख्या में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया, इस मौके पर 37 पशुओं का विशिष्ट उपचार किया गया। वहीं 23 बीमार पशुओं का इलाज हुआ। इस मौके पर 234 पशुओं को एफ.एम.डी. से बचाव हेतु टीके लगाए गए। एवं 210 पशुओं के लिए नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

### विभागीय समन्वय के साथ हुई संगोष्ठी

संगोष्ठी में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की और ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। श्री पुरुषोत्तम झारिया ने कृषि औरपशुपालन के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। वहीं वन विभाग की निलीमा धुर्वे ने क्षीर धारा ग्राम में विभाग द्वारा दिए जाने वाले सहयोग के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में आजीविका मिशन और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं पशुपालन विभाग की ओर से डॉ. आर. एम. भुरमुदे, डॉ. पंकज कुमार भगत, और डॉ. जीतेंद्र कुमार प्रजापती ने पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन के गुर सिखाए। इस अवसर पर विभागीय टीम से टी. एस. पुसाम, पुष्पेंद्र झारिया, मनीराम वायाम और सुरेन्द्र कुमार बर्मन ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए शिविर को सफल बनाया।

# ईंटावारे नाला के पास मिला बाघ शावक का क्षत-विक्षत शव

**प्रथम दृष्टया मौत का कारण स्पष्ट नहीं, एसओपी के तहत किया अंतिम संस्कार**

**मंडला।** कान्हा टायगर रिजर्व के अंतर्गत सरही वन परिक्षेत्र में एक बाघ शावक की फिर मौत हो गई। विगत दिवस भी एक बाघ शावक भी मृत मिला था। विभाग से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को बीट सरहीनकान के कक्ष क्रमांक 669 (68) में स्थित ईंटावारे नाला के पास 15 महिने के बाघ शावक का शव बरामद मिला। लगातार बाघ शावकों की मौत से विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल मृत मिले शावक की मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

जानकारी अनुसार सरहीनकान बीट के ईंटावारे नाला के पास मिले मृत बाघ शावक की सूचना मिलते ही एनटीसीए और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्य प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अनुसार त्वरित कार्यवाही की गई। घटना स्थल को सुरक्षित कर डॉग स्काड और हाथियों की मदद से गहन छानबीन की गई। बताया गया कि बाघ



शावक का शव प्यूट्रिफाईड स्थिति में पाया गया, जिस कारण शुरुआती जांच में मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है।

### पीएम के बाद किया अंतिम संस्कार

बाघ शावक का पोस्ट मार्टम विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया गया, शव का पीएम डॉ. निधि राजपूत प्रोफेसर स्कूल ऑफ वाईल्ड लाईफ फोरेंसिक एवं हेल्थ, जबलपुर, डॉ. अखिलेश मिश्रा वन्यप्राणी चिकित्सक, पेंच टायगर रिजर्व और डॉ. विशाल उद्दे पशु चिकित्सा अधिकारी, बिछिया द्वारा किया गया। पोस्ट मार्टम के बाद एनटीसीए की निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के तहत शावक के शव का दाह संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र संचालक पेंच देवाप्रसाद जे, उप संचालक कान्हा अमीता केबि, स्थानीय तहसीलदार शंकरलाल मरावी और ग्राम पंचायत किसली भिलवानी की सरपंच श्रीमती डीलनसिंह तेकाम सहित अन्य अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विभाग द्वारा पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है।

# ईश्वरपुर में सामुदायिक भवन का हुआ भूमि पूजन

**जनपद अध्यक्ष ने रखी आधारशिला**

**घुघरी।** क्षेत्र के विकास की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए आज ग्राम पंचायत इमलीटोला के ग्राम ईश्वरपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी उपस्थित रहीं, जिन्होंने विधि-विधान से पूजन कर भवन की आधारशिला रखी।

भूमि पूजन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष ने कहा कि सामुदायिक भवन के बन जाने से ग्रामीणों को सामाजिक और



मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिलेगा। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और इसे समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस अवसर पर सेवकराम साहू (जनपद सदस्य) सोमता मरकाम (सरपंच), विजय झरिया (उपयंत्री) सहित ग्राम पंचायत के पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है।

# शिक्षा की राह हुई आसान, दूर-दराज से आने वाले छात्रों को मिलीं साईकिलें

**उदयपुर पीएम श्री स्कूल में साइकिल वितरण, 26 विद्यार्थियों के चेहरे खिले**

**उदयपुर.** विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संबल प्रदान करने और शिक्षा के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को पीएम श्री शासकीय माध्यमिक शाला उदयपुर के प्रांगण में नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत विद्यालय के कुल 26 पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं।

बताया गया कि शासन द्वारा यह साइकिलें उन बच्चों को दी जाती हैं जो दूर-दराज के क्षेत्रों से पैदल चलकर स्कूल आते हैं। साइकिल मिलने से अब छात्र न केवल समय पर स्कूल पहुँच सकेंगे, बल्कि घर वापसी में भी



उनका समय बचेगा। इससे उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चल सकेगी और आवागमन की असुविधा भी दूर होगी।

### गणमान्य अतिथियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बलदेव परते रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच जगदीश यादव, वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल समद एवं रोहित कुशराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक और पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाध्यापक आरती सिंह एवं संस्था परिवार द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

### बच्चों के चेहरों पर आई खुशी

पीएम श्री शासकीय माध्यमिक शाला उदयपुर में साइकिलें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ से सुबोध पटेल, ममता विश्वकर्मा, प्रतिमा पांडे, अंजलि, कुमारी रिया, सोनम केशरवानी, सुनीता मालवीय, कविता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और अभिभावक मौजूद रहे।

# सत्यनिष्ठा और अनुशासन से निभाएं दायित्व, दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**मोंटफोर्ट के लीडर्स को सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता ने दी सीख**

**मंडला।** स्थानीय मोंटफोर्ट स्कूल में इस वर्ष भी नवनियुक्त छात्र लीडर्स के लिए भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने मुख्य अतिथियों का स्वागत मोमेंटो प्रदान कर किया, वहीं कॉर्डिनेटर इवेंजलीन कुशराम और मीना ज्योतिषी ने शॉल पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को बैच पहनाए और उनके हाउस के अनुसार ध्वज



प्रदान किए। इस वर्ष की छात्र परिषद में प्रमुख रूप से सीनियर सेक्शन में शालानायक अथर्व सोनी, शालानायिका दिशा तलरेजा, उप शालानायक विराट अग्रवाल, उप शालानायिका पूर्वी जसवानी बनी। मिडल सेक्शन में शालानायक अनम्य गुप्ता, शालानायिका शिक्षा मरकाम और प्राइमरी विंग में शालानायक अर्थम कछवाहा, शालानायिका चेष्टा वैरागी को बनाया गया है।

**दिलाई शपथ और दिया मार्गदर्शन**- सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता ने सभी लीडर्स को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों को पूरे वर्ष अनुशासन और सत्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं बीईओ रंजीत गुप्ता ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने और मोबाइल व फास्ट फूड से दूर रहने की सलाह दी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति**-समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में शाला नायक ने अपनी बात रखी और शाला नायिका ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य ब्रदर मैथ्यूज, स्कूल स्टाफ और प्रबंधन का सराहनीय योगदान रहा। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# किन्नर समाज की मुखिया गुलाब रानी का 75 वर्ष की आयु में निधन

**सनातनी परंपरा से दी अम्मा को अंतिम विदाई**

**निवास।** किन्नर समाज की सम्मानित मुखिया और निवास क्षेत्र की पहचान बन चुकीं अम्मा गुलाब रानी किन्नर अब हमारे बीच नहीं रहीं। शनिवार को जबलपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 75 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर फैलते ही किन्नर समाज सहित पूरे निवास क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया गया कि अम्मा गुलाब रानी अपने सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन भाईचारे और समाज सेवा के संदेश को समर्पित कर दिया। क्षेत्र में



उनकी पहचान एक ऐसी शख्सियत के रूप में थी, जो हर सुख-दुख के मौके पर परिवारों के साथ खड़ी नजर आती थीं।

### जरूरतमंदों के लिए थीं मसीहा

अम्मा जी को उनकी दानशीलता और ममतामयी छवि के लिए हमेशा याद किया जाएगा। निवास क्षेत्र के सामाजिक आयोजनों में उनकी उपस्थिति एक अभिभावक की तरह होती थी, जो सबको आशीर्वाद और स्नेह से सराबोर कर देती थीं।

दिवंगत गुलाब रानी अम्मा जी का अंतिम संस्कार शनिवार को जबलपुर के ग्वारीघाट स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। सनातनी हिंदू रीति-रिवाज और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उन्हें अग्नि दी गई। उनके निधन को निवास क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुलाब रानी अम्मा जी का रिक्त स्थान कभी नहीं भरा जा सकेगा।